षोडश बिहार विधान सभा

नवम् सत्र

दैनिक विवरणिका

संख्या-15 मंगलवार, दिनांक-20 मार्च, 2018 ई० ।

माननीय अध्यक्ष श्री विजय कुमार चौधरी की अध्यक्षता में सभा की कार्यवाही प्रारंभ हुई ।

समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 11.14 बजे पूर्वाह्न तक ।

[1] शपथ / प्रतिज्ञान :-

माननीय अध्यक्ष महोदय की अनुमति से शपथ ग्रहण की कार्यवाही प्रारम्भ हुई तथा निर्वाचन क्षेत्र संख्या-216 (जहानाबाद) से नवनिर्वाचित माननीय सदस्य, श्री कुमार कृष्ण मोहन उर्फ सुदय यादव ने शपथ ग्रहण किया ।

[2] प्रश्नकाल :-

प्रश्नकाल प्रारम्भ होते ही विपक्ष के सभी माननीय सदस्यगण अपनी विभिन्न मांगों को लेकर शोरगुल करते हुए वेल में आ गये ।

"आसन द्वारा कहा गया कि सदन में हर विषय को उठाने का एक समय निर्धारित है इसलिए अपने-अपने विषय को सही समय पर उठायें ।"

माननीय मंत्री संसदीय कार्य, श्री श्रवण कुमार द्वारा भी विपक्ष के माननीय सदस्यों से अपने-अपने स्थान पर जाकर अपनी-अपनी बातों को कहने का अनुरोध किया गया । साथ ही उन्होंने कहा कि यदि सदन व्यवस्थित रहेगी तो सरकार हर प्रश्न का उत्तर देने के लिए तैयार है ।

"आसन द्वारा पुनः विपक्ष के माननीय सदस्यों से अनुरोध किया गया कि वे अपने-अपने स्थान पर जाकर अपनी बातों को कहें ।"

किन्तु सदन में शान्ति कायम नहीं हो सकी और सभा की कार्यवाही भोजनावकाश तक के लिए स्थगित हुई ।

भोजनावकाश के बाद

(02.00 बजे अपराह्न से 02.24 बजे अपराह्न तक)

(इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

[3] सभा मेज पर कागजात का रखा जाना :-

माननीय मंत्री, पंचायती राज विभाग, श्री कपिल देव कामत द्वारा "बिहार जिला योजना समिति का गठन एवं कार्य संचालन (संशोधन) नियमावली, 2017" की प्रति को सभा मेज पर रखा गया ।

[4] <u>वित्तीय कार्य</u> :-

वित्तीय वर्ष 2018-2019 के आय-व्ययक में सम्मिलित अनुदानों की मांगों [खंड-09 (ऊर्जा विभाग, वाणिज्य-कर विभाग, पर्यटन विभाग तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग)] पर वाद-विवाद एवं मतदान :-

माननीय प्रभारी मंत्री, उर्जा विभाग, श्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव द्वारा ऊर्जा विभाग से संबंधित अनुदान की माँग का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया ।

माननीय सदस्य, श्री भोला यादव, श्री रामदेव राय, श्री समीर कुमार महासेठ, डॉ० फराज फातमी, श्री भाई वीरेन्द्र, श्रीमती स्वीटी सीमा हेम्ब्रम एवं श्री महबूब आलम का नाम आसन द्वारा बारी-बारी से पुकारा गया किन्तु किसी भी माननीय सदस्य द्वारा कटौती का प्रस्ताव प्रस्तुत नहीं किया गया ।

तदोपरान्त् आसन द्वारा घोषणा की गयी कि अब अनुदान की मांग के मूल प्रस्ताव पर विमर्श होगा ।

अनुदान की मांग पर वाद-विवाद में माननीय सदस्य, श्री रत्नेश सादा एवं श्री मिथिलेश तिवारी ने भाग लिया ।

इस दौरान विपक्ष के माननीय सदस्यगण अपनी विभिन्न मांगों को लेकर शोरगुल करते हुए वेल में आ गये ।

"आसन द्वारा उनसे अनुरोध किया गया कि वे अपने-अपने स्थान पर जाकर अपनी बातों को कहें ।"

माननीय मंत्री, संसदीय कार्य विभाग, श्री श्रवण कुमार द्वारा कहा गया कि उर्जा विभाग के अनुदान की मांग पर वाद-विवाद का कार्यक्रम सूचीबद्ध है और यह एक महत्वपूर्ण विभाग है । विपक्ष के माननीय सदस्य यदि नियमानुकूल अपने प्रश्नों को उठायेंगे तो सरकार जवाब देने के लिए तैयार है ।

आसन द्वारा पुन: विपक्ष के माननीय सदस्यों से अनुरोध किया गया कि वे अपने-अपने स्थान पर जाकर अपनी बातों को कहें ।

किन्तु सदन में शान्ति कायम नहीं हो सकी और सभा की कार्यवाही 04.45 बजे अपराहन् तक के लिए स्थगित हुई ।

<u>स्थगनोपरान्त</u>

(04.45 बजे अपराह्न् से 05.02 बजे अपराह्न् तक)

(इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

माननीय मंत्री, ऊर्जा विभाग, श्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव द्वारा ऊर्जा विभाग से संबंधित अनुदान की मांग पर सरकार की ओर से उत्तर दिया गया ।

सरकार के उत्तर के दौरान विपक्ष के माननीय सदस्यगण सदन से बहिर्गमन कर गये ।

तत्पश्चात् ऊर्जा विभाग से संबंधित अनुदान की मांग का मूल प्रस्ताव सदन से स्वीकृत हुआ ।

[5] <u>निवेदन</u> :-

आसन से घोषणा की गयी कि आज के लिए स्वीकृत कुल 23 निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिये जायेंगे ।

तदुपरान्त् सभा की बैठक बुधवार, दिनांक-21 मार्च, 2018 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित हुई ।

पटना
दिनांक-20.03.2018

राम श्रेष्ठ राय
सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।